# मेरा युवा भारत - उत्तर पूर्व दिल्ली
# MERA YUVA BHARAT - NORTH EAST DELHI

स्वायत्तशासी संस्था *an Autonomous Body under the*
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय *Ministry of Youth Affairs & Sports*
भारत सरकार *Government of India*

क्र.सं. मेयुभा / उत्तर पूर्व दिल्ली / VBYLD /2025-26 /53 दिनांक 17/9/25

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
डॉ बी आर अंबेडकर कॉलेज,
उत्तर पूर्व जिला, दिल्ली।

**विषय: जिले के सभी विद्यालयों के 15-29 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों की VBYLD-2026 में अनिवार्य भागीदारी एवं MY Bharat पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

सादर निवेदन है कि भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा वर्ष 2026 में "*Viksit Bharat Young Leaders Dialogue (VBYLD-2026)*" का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना, उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा सांस्कृतिक, नवाचार, शासन, विज्ञान एवं तकनीकी जैसे विविध क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

इस आयोजन में **15-29 वर्ष आयु वर्ग के सभी विद्यार्थियों की भागीदारी अनिवार्य है** और इसके लिए MY Bharat पोर्टल (www.mybharat.gov.in) पर पंजीकरण कराना आवश्यक है।

अतः आपसे निवेदन है कि आपके संस्थान में अध्ययनरत सभी पात्र विद्यार्थियों को:

1. **MY Bharat पोर्टल पर शीघ्रातिशीघ्र पंजीकरण** कराने हेतु निर्देशित करें।
2. उन्हें *VBYLD-2026* की सभी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करें।
3. यह सुनिश्चित करें कि आपके संस्थान के **अधिकतम छात्र-छात्राएँ MY Bharat से जुड़ें, ताकि वे भारत सरकार द्वारा युवाओं के लिए बनाई गई योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त कर सकें।**
4. अतः आपसे निवेदन किया जाता है की आप अपने स्तर पर मोनिट्रिंग करें जिससे अधिक से अधिक छात्र सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें।

आपके सहयोग से ही यह सुनिश्चित हो सकेगा कि हमारे जिले के अधिक से अधिक युवा इस राष्ट्रीय पहल से जुड़ें और भविष्य में एक सशक्त, जागरूक और उत्तरदायी नागरिक बन सकें।

Shri! Please upload on College Website
23/9/25

भवदीय,
दिवाकर भाटी
ज़िला युवा अधिकारी

केन्द्र कार्यालय : मं. नं. C-3/136, यमुना विहार, दिल्ली-110053, फोन: 011-22182120
Kendra Office : H.No. C-3/136, Yamuna Vihar, Delhi-110053, Phone : 011-22182120
**E-mail :** mybharatnortheastdelhi@gmail.com *Visit us at :* mybharat.gov.in